उपलब्धि — औद्योगिक इलाकों को सीधा फायदा मिलेगा, यह कॉरिडोर देश के पूर्वी हिस्से की खदानों और पश्चिमी बंदरगाहों को जोड़ेगा

# मध्यप्रदेश से होकर गुजरेगा ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर



**जबलपुर, नवभारत।** 1 फरवरी को आए रेल बजट मध्य प्रदेश के लिए सौगातों का पिटारा लेकर आया है। इसमें सिर्फ रेल लाइन ही नहीं बल्कि मप्र समेत अन्य पांच राज्यों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की ओर बड़ा कदम बताया जा रहा है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मप्र अब बड़े इकोनॉमिक कॉरिडोर का केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि ईस्ट वेस्ट डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद माल ढुलाई का बड़ा हिस्सा इसी खास ट्रैक पर शिफ्ट किया जाएगा। यह कॉरिडोर देश के पूर्वी हिस्से की खदानों और पश्चिमी बंदरगाहों को जोड़ेगा। बीच में पड़ने वाले मध्य प्रदेश के औद्योगिक इलाकों को सीधा फायदा मिलेगा।

### आपस में ऐसे जुड़ेंगे छह राज्य

बता दे कि नया ईस्ट वेस्ट फ्रेट कॉरिडोर पश्चिम बंगाल के डांकुनी से शुरु होगा। यह ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र होते हुए गुजरात के सूरत तक पहुंचगा। कुल मिलाकर यह कॉरिडोर 6 राज्यों को एक साथ आपस में जोड़ेगा और यहां सूरत में यह पहले से बने वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से कनेक्ट हो जाएगा। इस कनेक्टिविटी से पूर्व के खनिज क्षेत्रों से पश्चिम के बंदरगाहों तक माल पहुंचाना आसान होगा। रेल मंत्री के मुताबिक, इससे उद्योगों को देश के किसी भी पश्चिमी पोर्ट तक सामान भेजने की सुविधा मिलेगी। यह डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर सिर्फ मालगाड़ियों के लिए बनेगा। यानी इस ट्रैक पर यात्री ट्रेन और दूसरे रुकावट वाले ऑपरेशन नहीं होंगे। इससे औद्योगिक कंटेनर, बल्क कार्गो और भारी मशीनरी तेजी से मूव हो सकेगी। वही ट्रांजिट टाइम घटेगा तो लॉजिस्टिक कॉस्ट भी कम हो सकती है। अब तक मालगाड़ियां अक्सर पैसेंजर ट्रेनों के कारण लेट हो जाती थीं।

### मप्र में इलेक्ट्रिफिकेशन पूरा

रेल मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में रेलवे नेटवर्क का सौ प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन पूरा हो चुका है। इलेक्ट्रिक ट्रैक से ट्रेनों की गति बढ़ती है और डीजल पर निर्भरता घटती है। इसी वजह से मालगाड़ियों की औसत स्पीड बढ़ाने की प्लानिंग आसान हो जाती है। फ्रेट कॉरिडोर जैसे प्रोजेक्ट से यह फायदा और बढ़ जाएगा। इलेक्ट्रिफिकेशन से प्रदूषण और ऑपरेटिंग कॉस्ट दोनों कम होते हैं। इन सब कारणों से एमपी को रेलवे का बड़ा हब बनाने की रणनीति दिखाई देती है।

### पिंक बुक के आते ही जोन का पता चलेगा हिसाब किताब

रेल मंत्री ने बताया कि पिछले साल मध्य प्रदेश को 15 हजार 188 करोड़ का रेल बजट मिला है। फिलहाल प्रदेश में करीब एक लाख 18 हजार करोड़ के अलग-अलग रेल प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इनमें नए ट्रैक, डबलिंग, स्टेशन अपग्रेड और इलेक्ट्रिफिकेशन जैसे काम शामिल हैं। नया फ्रेट कॉरिडोर इन्हीं प्रोजेक्ट के नेटवर्क से जुड़कर कनेक्टिविटी को और मजबूत करेगा। सरकार का फोकस यह है कि माल और यात्री दोनों कॉरिडोर साफ अलग नजर आएं, ताकि दोनों तरह का ट्रैफिक बिना टकराव के सुचारु चल सके। फिलहाल पमरे को कितनी राशि आवंटित की गई है इसकी जानकारी पिंक बुक के आने के बाद ही पता चल सकेगा।

### इनका कहना है

ईस्ट वेस्ट फ्रेट कॉरिडोर से मप्र समेत अन्य राज्य भी डेवलप होंगे। इसका सीधा फायदा व्यापारियों को होगा।

**डॉ. मधुर वर्मा**
**सीनियर डीसीएम, पमरे**



## पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व में भारत का मान बढ़ा : आशीष दुबे

**नवभारत, जबलपुर।** अमेरिका के साथ भारत की ट्रेड-डील को लेकर मंगलवार को हुई संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत हुआ। पार्टी के नेताओं ने पीएम मोदी को फूलों की माला पहनाकर बधाई दी। इस दौरान सभी नेताओं ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे भी लगाए।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संसदीय दल की बैठक में पहुंचे. उनके साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और भूपेंद्र यादव भी एनडीए संसदीय दल की बैठक में शामिल होने पहुंचे. बैठक में एनडीए के तमाम वरिष्ठ नेता और सांसद मौजूद रहे जिसमें जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे भी शामिल रहे।

इस दौरान सांसद आशीष दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान और प्रतिष्ठा बढ़ी है, और ये कई देशों के भारत पर भरोसा करने और उसके साथ व्यापार समझौते करने का परिणाम है. इससे देश की अर्थव्यवस्था को जबर्दस्त गति मिलेगी। इसके साथ ही भारत-अमेरिका ट्रेड डील सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी, ऊर्जा सहयोग और वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका और मजबूत होगी।

## एक नजर में



### हिंदू सम्मेलन में मातृ शक्तियों ने निकाली कलश यात्रा

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हनुमान नगर के दीक्षित पुरा बस्ती में हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें मातृ शक्तियों के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई रंगोली बनाई गई एवं बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गई । इस दौरान कविता एवं एकल नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं प्रसाद वितरण से किया गया । कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी प्रकाश चक्रवर्ती ,प्रशांत सोंधिया ,राजेश मिश्रा, डब्बू पांडे ,अजय भल्ला ,दिलीप दुबे ,दिलीप पटेल ,जागृति शुक्ला ,सुधा तिवारी और बस्ती के अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।


### झारिया समाज का वार्षिक सामाजिक सम्मेलन अप्रैल में

**नवभारत,जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ जबलपुर के तत्वावधान में झारिया समाज का वार्षिक सामाजिक सम्मेलन 26 अप्रैल को मानस भवन ऑडिटोरियम, जबलपुर में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सम्मेलन में समाज के वरिष्ठजनों, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। इस वर्ष सम्मेलन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने हेतु विवाह योग्य सुपात्र युवक-युवतियों की पहचान को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे पात्र दंपतियों को 49,000 रुपये की सहायता राशि का लाभ मिल सके। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले स्वजातीय बंधु अपने विचार भी साझा करेंगे। संघ के डॉ. एन.पी. झारिया, गणेश प्रसाद झारिया, संतोष मेहरा, सोमराज झारिया, संतोष झारिया, पुष्पा झारिया, अजय झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया सहित सभी पदाधिकारियों ने समाज के स्वजातीय बंधुओं, मातृशक्तियों एवं युवाओं से सपरिवार अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।



### मांझी समाज के सम्मेलन में दो जोड़ों का विवाह

**नवभारत,जबलपुर।** जलवंशीय मांझी समाज शैक्षणिक एवं सेवा समिति द्वारा आदर्श विवाह एवं परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भूमा रैकवार ने की जबकि राष्ट्रपति से सम्मानित कोमल बाथम (ग्वालियर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सम्मेलन में प्रदेशभर से आए 500 से अधिक युवक-युवतियों ने मंच पर अपना परिचय दिया। समिति के दौरा सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार 2 जोड़ों का विवाह कराया गया। आयोजन में समाज के 5000 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान समाज की पदाधिकारी भारती मांझी और गायत्री बर्मन ने कन्याओं का कन्यादान किया। इस अवसर पर सम्मेलन में समाज के संरक्षक सरस्वती सोंधिया, प्रदेश उपाध्यक्ष भारती मांझी, मुकेश रैकवार, कृष्णा प्रियंका बर्मन, स्वाति रैकवार, बस्ती रैकवार, शिव प्रताप सिगरहा (मैहर), मीना रैकवार, अभय बर्मन, कहार महासंघ के अजय रैकवार सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



### स्लोगन-चार्ट के जरिए फैलाई जागरूकता

**नवभारत,जबलपुर।** मानसिक स्वास्थ्य विषय पर चार्ट एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, मानसिक रोगों के लक्षण एवं मानसिक स्वास्थ्य खराब होने की हानि जैसे विषयों को चार्ट एवं स्लोगन के माध्यम से उल्लेखित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनिकेत कुमार द्वितीय स्थान दीपक डहरिया, तृतीय स्थान शालिनी चौधरी एवं सुनीता ने प्राप्त किया । इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी ,डॉ. अरुण शुक्ला, डॉ. राहुल पटेल, वंदना जैन एवं श्रीमती बुशरा खान उपस्थित रहे।

## आलोक श्रीवास्तव की कृति अनजान रिश्ते का विमोचन



**नवभारत, जबलपुर।** प्रेम जीवन की आधारशिला है प्रेम के बिना सब शून्य है। लेकिन विपरीत आकर्षण का प्रेम असफल होने पर अपना या अपने प्रेमी का जीवन समाप्त कर देना,यह सबसे बड़ी मूर्खता है।उक्त उद्गार सेवानिवृत अपर कलेक्टर आलोक श्रीवास्तव 'धीरज' की कृति अनजान रिश्ते 'उपन्यास' के विमोचन समारोह में अतिथियों ने व्यक्त किए। सृजन पथ एवं ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे ने की। सारस्वत अतिथि आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे एवं विशिष्ट अतिथि डॉ.विजय तिवारी 'किसलय ' थे । वक्ताओं उपन्यास के मर्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आलोक जी का यह उपन्यास प्रेम के महत्व के साथ जीवन की महत्ता को अभिव्यक्त करते हुए आत्मविश्वास को बढ़ाता है।

समारोह का प्रारम्भ अपनी डांस फैमिली द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से हुआ। सरस्वती वंदना शशि सिंह परिहार द्वारा प्रस्तुत की गई। संयोजक दीपक तिवारी के संचालन में उपन्यास के महत्व पर शरद अग्रवाल, उमेश पिल्लई, सुरेश मिश्रा विचित्र, राजेश पाठक प्रवीण, डॉ. उषा दुबे,अनीता श्रीवास्तव 'तमन्ना' सेवानिवृत्ति एडिशनल कमिश्नर अनिल शुक्ला एवं अपर कलेक्टर प्रशांत श्रीवास्तव ने सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आलोक जी का यह उपन्यास जीवन के प्रति सकारात्मक द्रष्टिकोण का सार्थक उपन्यास है। इस मौके पर समारोह में डॉ.चंद्रा चतुर्वेदी, अनिल वैद्य, राकेश तिवारी, डॉ.सलमा जमाल,महव जबलपुरी, सलिल तिवारी मनीष तिवारी,मीना भट्ट यशोवर्धन पाठक आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पाथेय संस्था, वर्तिका संस्था, मंथन श्री, आदि संस्थाओं ने आलोक जी को सम्मानित किया।आभार डॉ.कामना कौस्तुभ ने व्यक्त किया।



## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई रविदास जयंती

**नवभारत,जबलपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जयनगर में विद्या भारती की योजना अनुसार संत रविदास जयंती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग घोष प्रमुख नितेश एवं शारदा बाल कल्याण समिति के उपाध्यक्ष अधिवक्ता सचिन अग्रवाल की उपस्थिति मे मनाई गई।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग घोष प्रमुख नितेश ने बताया कि संत रविदास एक महान संत और समाज सुधारक थे उन्होंने समाज मे व्याप्त कुरीतियों और असमानता के खिलाफ आवाज उठाई और समानता एंव न्याय के लिए काम करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की आचार्या दीदी ने किया । इस मौके पर इस अवसर पर पूनम दुबे, सविता श्रीवास्तव,भैया बहिन ,आचार्य ,दीदी ,अभिभावक गण की उपस्थिति रही।




## ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल के छात्र, छात्राओं ने अर्जित की सफलता

### राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में किया नाम रोशन

नवभारत,जबलपुर। ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल, जबलपुर के कक्षा 7वीं के मेधावी छात्र कृष्णा उर्मालिया ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय (लेवल-3) चरण में सफलता प्राप्त कर ग्रीन वेली पब्लिक स्कूल, शिक्षकों और अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ग्रीन वेली के वेदांश राठौर,हर्ष राज,राजवर्धन,मान्या ठाकुर,कृष्णा उर्मलिया,वंशिका यादव,अनुराग पटैल और आराधिका कटारियाके साथ प्रदेशभर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने सहभागिता की।कृष्णा उर्मालिया ने विज्ञान विषय में अपनी उत्कृष्ट समझ, तार्किक क्षमता और वैज्ञानिक सोच का परिचय देते हुए इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सफलता हासिल की। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन एक राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित विज्ञान प्रतिभा खोज एवं विज्ञान लोकप्रियकरण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य कक्षा 6वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, नवाचार और अनुसंधान की भावना को विकसित करना है।

## बदलाव स्वीकार है, भटकाव नहीं : मुनिश्री प्रमाणसागर





**नवभारत,जबलपुर।** आधुनिकता के नाम पर यदि हम अपने आधार को ही खिसका देंगे तो हमारी धार्मिकता कहां रही ?बच्चों की आड़ में अपने चरित्र बल को कमजोर न करें । बच्चों के मन में मांसाहार के प्रति ग्लानि होना चाहिये। हमारी साधना पद्धति में यंत्र मंत्र और तंत्र तीनों विद्याओं का गहरा सम्वंध है और साधना के दो ही मार्ग है एक है आराधना व दूसरा है ध्यान' । बदलाव स्वीकार है भटकाव नहीं की बात को भी याद रखा जाए। ये सारी बातें प्रात:प्रवचन सभा में मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहीं।

इस मौके पर आयोजित बैठक में धर्मप्रभावना समिति तथा दि.जैन पंचायत,दि. जैन युवासंघ, स्वेताम्बर जैन समाज तथा सभा के द्वारा सामाजिक व्यवस्थाओं के सम्वंध में चर्चा की गई और आयोजित कई सामाजिक मुद्दे रखे गये। संचालन अमित जैन पड़रिया ने किया।

इस संबंध मेंप्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुबोध जैन कामरेड ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6:30 बजे मंगलाष्टक के साथ भगवान का अभिषेक एवं मुनि श्री के मुखारविंद के साथ शांतीधारा से हुई। इसके बाद नित्यनियम पूजन एवं विधान प्रारंभ किया गया और 64 रिद्धि मंत्रों के साथ मुनि श्री के मुखारविंद से अर्घ समर्पित कराये गये एवं विधान के पांचवें दिवस 128 अर्घ प्रभु की भक्ती में समर्पित कराये जाऐंगे। इस प्रकार प्रतिदिन दुगने क्रम से अर्घ समर्पित होंगे। कार्यक्रम में प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र. अशोक भैया,बाल ब्र.अभय भैया ने सभी मांगलिक क्रियायें संपन्न कराईं।

नवाचार — एमपी ट्रांसको का तकनीकी नवाचार

## पुराने फाउंडेशन पर स्थापित किया गया अधिक क्षमता का कैपेसिटर बैंक



**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के इंजीनियरों ने तकनीकी दक्षता एवं उपलब्ध संसाधनों के कुशल उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। इंजीनियर्स ने एक 132 केवी सबस्टेशन में तकनीकी नवाचार का परिचय देते हुए पुराने कैपेसिटर बैंक के फाउंडेशन पर ही अधिक क्षमता का नया कैपेसिटर बैंक सफलतापूर्वक स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। इससे सबस्टेशन से जुड़े क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण बिजली मानक वोल्टेज लेवल पर उपलब्ध हो रही है।

आगर स्थित 132 के वी सब स्टेशन में इंडक्टिव लोड बढ़ने के कारण पूर्व में स्थापित 5 एमवीएआर क्षमता का कैपेसिटर बैंक अपर्याप्त हो गया था, जिससे वोल्टेज प्रोफाइल प्रभावित हो रही थी। सीमित स्थान के कारण नए फाउंडेशन का निर्माण संभव नहीं था। इस चुनौती का समाधान करते हुए एमपी ट्रांसको के सहायक अभियंता योगेश राठौर ने कार्यपालन अभियंता शेखर फटाले के मार्गदर्शन मे पुराने फाउंडेशन का ही उपयोग कर आवश्यक तकनीकी संशोधन किए और उसी फांउडेशन पर 12 एमवीएआर क्षमता का नया कैपेसिटर बैंक स्थापित किया। इससे समय, लागत और अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता से बचाव हुआ।



## नृत्य की बेजोड़ प्रस्तुति, रैंप वॉक ने बटोरी तालियां

### श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में मची धूम

**नवभारत, जबलपुर।** वार्षिकोत्सव 'आरोहण' मे छात्र -छात्राओं की बेजोड़ प्रस्तुतियों ने मंच का शमा बदल दिया । नृत्य, गीत और रैंप वॉक की शानदार परफॉर्मेंस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा।

अवसर था श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय महानद्दा में आयोजित वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम का। इस मौके पर मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर 'अन्नू सिंह', विशिष्ट अतिथि धरमशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, कार्यक्रम अध्यक्ष सरदार एम. एस. चावला, प्राचार्य डॉ. आर. एस. चंडोक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. शिवमणि मिश्रा मंचासीन रहे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने शास्त्रीय, लोक और आधुनिक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। वहीं रैंप वॉक के दौरान आत्मविश्वास से भरी अदाओं और रंग-बिरंगे परिधानों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इस दौरान शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानों से नवाजा गया। कार्यक्रम का आभार डॉ. शिवमणि मिश्रा ने व्यक्त किया।